लापरवाही | 90 किमी के सफर की मजबूरी, गर्भवती महिलाओं सहित गंभीर और बुजुर्गों की जान जोखिम में

ब्यौहारी-जयसिंहनगर में नहीं है सोनोग्राफी कराने की सुविधा

सुनील मिश्र

नवभारत, शहडोल । देश जहां एक ओर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, वहीं शहडोल जिले के ग्रामीण अंचल आज भी बुनियादी चिकित्सा सेवाओं के लिए जूझ रहे हैं। करोड़ों की लागत से बने सिविल अस्पतालों की चमक उस समय फीकी पड़ जाती है, जब वहां न विशेषज्ञ डॉक्टर मिलते हैं और न ही जरूरी जांच सुविधाएं। सबसे गंभीर स्थिति गर्भवती महिलाओं की है, जिन्हें एक साधारण सोनोग्राफी के लिए 90 से 100 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ रहा है।

सोशल मीडिया पर छलका दर्द

हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। ब्यौहारी क्षेत्र की महिला मीना साकेत ने इंस्टाग्राम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भावुक अपील की है। वीडियो में वह साफ तौर पर कहती नजर आ रही हैं कि सिविल अस्पताल ब्यौहारी में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय शहडोल जाना पड़ता है।

90 किमी के लंबे सफर की मजबूरी

बसों में लंबा सफर, भीड़भाड़ और रास्ते की परेशानियां गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद कष्टदायक साबित हो रही हैं। कई महिलाओं को सफर के दौरान सूजन, दर्द और अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो उनके और गर्भस्थ शिशु के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

जयसिंहनगर भी बदहाल

स्थिति सिर्फ ब्यौहारी तक सीमित नहीं है। जयसिंहनगर सिविल अस्पताल में भी सोनोग्राफी की सुविधा नदारद है। इतना ही नहीं, यहां सर्जरी के लिए कोई विशेषज्ञ डॉक्टर तक उपलब्ध नहीं है। छोटी-छोटी सर्जिकल समस्याओं के लिए भी मरीजों को जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज की दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब हर छोटी जरूरत के लिए बाहर जाना पड़े, तो फिर इन अस्पतालों का अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

महिला विधायक पर उठे सवाल

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से महिला विधायक मनीषा सिंह होने के बावजूद भी महिलाओं की इस गंभीर समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर संज्ञान लेंगे या फिर यह समस्या यूं ही अनदेखी होती रहेगी। ब्यौहारी और जयसिंहनगर जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का यह हाल चिंताजनक है। अब देखने वाली बात यह होगी कि समाचार के प्रकाशन और सोशल मीडिया पर उठती आवाजों के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है या नहीं।क्या जल्द ही इन अस्पतालों को सोनोग्राफी मशीन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सौगात मिलेगी, या फिर ग्रामीणों को यूं ही लंबी दूरी तय कर अपनी सेहत दांव पर लगानी पड़ेगी?

अनियंत्रित होकर पलटी अपाची बाइक

युवक गंभीर रूप से घायल

नवभारत, गोहपारू । पलसऊ-खन्नौधी मार्ग पर बीते दिन एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अपने ग्राम पालसाऊ से जीजा के साथ खन्नौधी जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सुरेश बैगा (उम्र 18 वर्ष), पिता हरीलाल बैगा, ग्राम पलसाऊ अपनी अपाची बाइक से अपने जीजा के साथ जा रहे थे। सफर के दौरान पालसाऊ मार्ग पर अचानक बाइक से नियंत्रण खो जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में सुरेश को गंभीर चोटें आईं।

आपातकालीन सेवाओं की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और 108 एम्बुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 से आरक्षक संजय बैगा एवं पायलट हरि नारायण शुक्ला मौके पर पहुँचे। इसके तुरंत बाद 108 एम्बुलेंस भी घटना स्थल पर पहुँच गई, जिसके माध्यम से घायल सुरेश को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया गया। घायल को अस्पताल पहुँचाने के साथ ही डायल 112 की टीम ने सक्रियता दिखाई। आरक्षक संजय बैगा और पायलट हरि नारायण शुक्ला ने दुर्घटनाग्रस्त अपाची बाइक को सुरक्षित सुरेश के घर पहुँचाया, जिसकी स्थानीय लोगों और परिजनों ने सराहना की है। फिलहाल अस्पताल में घायल युवक का उपचार जारी है।

मंदिर, आंगनबाड़ी की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

पुरानी बस्ती वार्ड नं 38 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत, शहडोल । भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर आंगनबाड़ी परिसर की साफसफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत शक्रवार को शहडोल नगर मंडल के वार्ड नंबर 38 पुरानी बस्ती में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान पुरानी बस्ती स्थित भगवान भोलेनाथ की मंदिर एवं परिसर की साफ सफाई के साथ ही आंगनबाड़ी परिसर एवं दुर्गा जी की स्टेज एवं परिसर की साफ सफाई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर की स्वच्छता कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, जिला मंत्री सौरभ गोले, पार्षद विनय केवट, सावित्री सेन, नागेंद्र गोले, अनमोल सोनी, त्रिभुवन गोस्वामी, राजेश सोनी, प्रदीप गुप्ता, राकेश कनौजिया, राजू यादव नीलम चतुर्वेदी, संचिता शरवटे, रेखा त्रिपाठी, रचना श्रीवास्तव, संगीता निगम, सुनीता जायसवाल, लक्ष्मी चौधरी सहित, वार्डवासी, भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संगठनात्मक सुदृढ़ता, समन्वय और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : पदम

वैश्य महासम्मेलन : शहडोल संभाग की समीक्षा बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

नवभारत, शहडोल । शहडोल संभाग में वैश्य समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, समन्वय और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन एक स्थानीय होटल में किया गया। यह बैठक न केवल संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि भविष्य की योजनाओं और समाज के समग्र विकास के लिए ठोस निर्णय लेने का भी एक सशक्त मंच बनी। बैठक में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने इसके महत्व को और अधिक बढ़ा दिया।

बैठक की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय प्रभारी पदम खेमका द्वारा किया गया। उनके नेतृत्व में संगठन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ बनाने, सदस्यता विस्तार अभियान को गति देने तथा युवा एवं महिला इकाइयों को अधिक सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों में सबसे प्रमुख प्रस्ताव शहडोल से डिण्डौरी होते हुए नैनपुर तक नई रेलवे लाइन बिछाने का रहा। इस प्रस्ताव के अंतर्गत ब्यौहारी और जयसिंहनगर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी जोडने की बात कही गई। यह रेल परियोजना न केवल क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे व्यापारिक गतिविधियों में भी अभूतपूर्व वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। वर्तमान में इन क्षेत्रों में रेल संपर्क का अभाव व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। बैठक का दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय वैश्य महासम्मेलन के लिए एक विशालकाय भवन के निर्माण से जुड़ा रहा। इस भवन का उद्देश्य केवल संगठन की गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह समाज के विभिन्न वर्गों के लिए भी उपयोगी होगा। विशेष रूप से इस भवन को कन्या विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों के लिए उपलब्ध कराने का निर्णय अत्यंत सराहनीय माना जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही संगठन ने आजीवन सदस्यता के लिए 1 लाख 11 हजार रुपये की राशि निर्धारित की है। यह निर्णय संगठन की आर्थिक मजबूती के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में दो नामों को आजीवन सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से पारित किया गया, जो संगठन के प्रति उनके समर्पण और योगदान का प्रतीक है। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, श्रीमती ज्योति जैन, मनोज गुप्ता, बृजकिशोर गुप्ता सहित कई गणमान्य वैश्य बंधु उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। यह बैठक वैश्य महासम्मेलन के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसमें लिए गए निर्णय न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए भी अत्यंत सार्थक हैं। रेलवे लाइन विस्तार, विशाल भवन निर्माण, सदस्यता अभियान और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से संगठन एक नई दिशा में आगे बढ़ता नजर आ रहा है। आने वाले समय में इन निर्णयों के क्रियान्वयन से न केवल वैश्य समाज को लाभ मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि जब समाज संगठित होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ता है, तो विकास की नई संभावनाएं स्वत: ही साकार होने लगती हैं।

15 मई से 11 कुंडी श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवभारत, शहडोल। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं जनकल्याण की भावना के साथ जिले में एक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। आगामी 15 मई 2026 से वीरेश्वर नाथ के पावन धाम में 11 कुंडी श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह पावन अनुष्ठान श्री श्री 108 श्री भगवत कृष्णा शास्त्री, वृंदावन के सान्निध्य में संपन्न होगा। वहीं श्रीमद् भागवत कथा का रसपान सुश्री साक्षी किशोरी जी के श्रीमुख से कराया जाएगा, जिसमें भक्तों को जीवन के आध्यात्मिक सार और भक्ति मार्ग का संदेश मिलेगा।

महायज्ञ के प्रमुख आचार्य के रूप में विश्व विख्यात यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री करुणा शंकर जी महाराज उपस्थित रहेंगे। साथ ही यज्ञ मंडप में देश के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य श्री श्री 108 श्री एस्ट्रो गोपाल जी महाराज भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।इस आयोजन की विशेषता यह भी है कि इसमें कई प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का आगमन प्रस्तावित है, जिनमें श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रमुख पुजारी, गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री श्री 108 श्री अवध महाराज जी एवं महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री नीलमणि दास महाराज जी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रसिद्ध कथावाचक एवं संत धीरेंद्र शास्त्री का भी आगमन प्रस्तावित है, जिनके दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगा।

सिंघम अवतार में एसडीएम काजोल सिंह ने दी दबिश

पुलिस गश्त की खुली पोल पकड़े आवैध रेत लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

नवभारत, गोहपारू । गोहपारू क्षेत्र मे खुद कमान संभालनी पड़ती है। कुछ ऐसा ही नजारा आज गोहपारू थाना क्षेत्र में देखने को मिला। क्षेत्र में लंबे समय से जारी अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) काजोल सिंह ने अपनी कार्यकुशलता और निडरता का परिचय देते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

मीडिया की सजगता और एसडीएम का कड़ा फैसला

क्षेत्र में पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए हमारे समाचार पत्र/पोर्टल द्वारा लगातार अवैध उत्खनन की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की जा रही थीं। इन खबरों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम काजल सिंह ने इसे चुनौती के रूप में लिया। जहाँ एक ओर स्थानीय पुलिस रात भर गश्त का दावा करती रही, वहीं एसडीएम ने आज तड़के सुबह खुद फील्ड पर उतरकर इन दावों की हकीकत उजागर कर दी।

भ्रष्टाचार और माफियाराज पर कड़ा प्रहार

यह कार्रवाई केवल वाहनों की जब्ती नहीं है, बल्कि उन सफेदपोशों और लापरवाह कारिंदों को भी चेतावनी है जो माफियाओं को संरक्षण दे रहे थे। काजोल सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि शासन के नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

छापामार कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप

सुबह के धुंधलके में जब रेत माफिया सुरक्षित निकल जाने की फिराक में थे, तभी एसडीएम काजोल सिंह की टीम ने अचानक घेराबंदी कर दी। मौके से तीन बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए, जो अवैध रेत से लदे हुए थे। बिना नंबर के इन वाहनों का सड़कों पर दौड़ना साफतौर पर स्थानीय तंत्र की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे एसडीएम की पैनी नजरों ने पकड़ लिया। एसडीएम काजोल सिंह की इस त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की पूरे गोहपारू क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह का जज्बा हर अधिकारी दिखाए, तो माफिया राज खत्म होने में वक्त नहीं लगेगा। पुलिस की कथित मिलीभगत और 'कागजी गश्त' के बीच एसडीएम की यह दबिश एक मिसाल बन गई है।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर शासकीय होम्योपैथी औषधालय का शुभारंभ

नवभारत, शहडोल। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल में कोटमा तिराहा के पास नवनिर्मित शासकीय होम्योपैथी औषधालय का शुभारंभ विधायक जयसिंह मरावी द्वारा फीता काटकर एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस औषधालय का निर्माण 47 लाख 48 हजार रुपये की लागत से किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सस्ती, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार प्रदान करती है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस औषधालय के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अब नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा एवं नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर नि:शुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशि प्रभा प्राण्डेय, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. अल्पना इरपाचे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक जयसिंह मरावी सहित सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए औषधालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

ट्रांसफर | अधिवक्ता संघ बुढार के तत्वाधान में आयोजित किया गया विदाई समारोह, एडीजे सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं की रही उपस्थिति

न्यायाधीश ऋषभ दीक्षित एवं आकांक्षा टेकाम का हुआ स्थानांतरण

नवभारत बुढार/धनपुरी। अधिवक्ता संघ बुढार-धनपुरी के द्वारा अपर एवं जिला सत्र न्यायालय बुढार में पदस्थ न्यायाधीश दीक्षित एवं न्यायधीश सुश्री आकांक्षा टेकाम के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बुढार धनपुरी अमलाई के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा उन्हें उनके स्वर्णिम कार्यकाल की बधाई दी गई एवं उनके आचरण की प्रसंशा करते हुए उन्हे भावभीनी विदाई देकर शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके अविस्मरणीय योगदान की सराहना की गई अधिवक्ता संघ बुढार/धनपुरी के द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा के द्वारा सफल मंच संचालन किया गया साथ ही कार्यक्रम में विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ न्यायधीश एडीजे सुशील कुमार अग्रवाल न्यायधीश लक्ष्मण रोहित की गरिमामई उपस्थिति रही वरिष्ठ अधिवक्तागणो में मुख्य रूप से पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रावेंद्र तिवारी श्री आलोक राय सुशील मिश्रा सतेंद्र शुक्ला अजय सोनी सुशील कुमार मिश्रा अनुज सिंह परिहार सीताराम गुप्ता रमेश चंद्र त्रिपाठी मयूर मिश्रा संतशरण मिश्रा बृजेश शुक्ला बृजेश गौतम रामकृष्ण गुप्ता श पराग जैन श्रीमती रेखा गुप्ता रीना पैट्रिक प्रेम पाल दीपिका यादव धनेश्वरी सिंह शंकरलाल लोधी प्रांजल मिश्र रामपुरन लोधी निलेश सिंह कामता रौतेल प्रकाश रौतेल अमित चौरसिया मनोज श्रीवास्तव जनक कुशवाहा रामकृष्ण गुप्ता मनोज तिवारी तेजराज सिंह नारायण शुक्ला शुभम जैन की गरिमामई उपस्थिति रही।

साथ ही धनपुरी नगर पालिका परिषद के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी रविकरण त्रिपाठी भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी

गणमान्य जनों का प्रेरक रहा उद्बोधन

अपने विदाई समारोह में आयोजित कार्यक्रम में न्यायधीश सुश्री आकांक्षा टेकाम ने कहा की बुढार अपर एवं जिला सत्र न्यायालय में मेरा कार्यकाल आप सभी के सहयोग से बेहद अविष्मरणीय रहा यहां पर लगातार अधिवक्ताओं का सहयोग प्राप्त होता रहा है और कभी भी अधिवक्ता और न्यायधीश के बीच में किसी भी प्रकार से संघर्ष और वैमनस्यता की स्थिति पैदा नहीं हुई जो की सबसे अनुकरणीय और आत्मसात करने योग्य बात है। तत्पश्चात युवा तरुणायी के आदर्श मार्गदर्शक न्यायधीश ऋषभ दीक्षित ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा की मेरा बुढार में यह कार्यकाल कई प्रकार की शिक्षा को प्राप्त करने जैसा रहा है यहां पर कभी भी किसी के भी साथ मतभेद और मनभेद की स्थिति पैदा नहीं हुई मैंने अपने कार्यों को पूर्णत: विधि अनुरूप स्वतंत्रता से निष्पक्षता से संपादित किया और आम जन की भलाई हेतु जब कभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की आवश्यकता हुई तो उनसे भी सीखकर अपने दायित्व को और गंभीरता और पारदर्शी बनाने की कोशिश की ताकि किसी भी प्रकार से माननीय न्यायालय पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह ना लग सके शोषित वंचित उपेक्षित और कमजोर व्यक्ति के लिए न्यायलय एक महत्वपूर्ण स्थान होता है आशा है की मैं आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन शुद्ध अंत:करण से करूंगा और आप सभी को अपनी स्मृतियों में जीवंत रखूंगा। तत्पश्चात एडीजे सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा की माननीय न्यायालय संविधान का सबसे बड़ा मंदिर है यहां पर लगातार कई बातें सीखने और समझने को मिलती है कभी में तनाव ग्रस्त होता हूं तो कभी तनाव मुक्त लेकिन आमजन की समस्याओं का निवारण साथ ही सभी को सामान्य न्याय प्राप्त हो किसी के साथ कोई भेदभाव ना हो हमेशा यह बात मेरे दिमाग में अंकित होती है निष्पक्ष निर्णय से एक सर्वव्यापी और सुनहरे समाज का निर्माण होता है जिसमे अधिवक्ताओं का पत्रकारों का योगदान अहम है आप सभी का सहयोग निरंतर मुझे प्राप्त हुआ है और आगे भी होता रहे उन्होंने श्री ऋषभ दीक्षित एवं सुश्री आकांक्षा टेकाम एवं सभी अधिवक्ताओं के भविष्य की उज्ज्वल कामनाएं करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।